# Varshik Rashifal Annual Horoscope 2025 in Hindi Know your Luck from Capricorn to Pisces Rashifal 2025,नए वर्ष में क्या होगा खास,पढ़े 2025 मकर,राशिफल




Makar Rashi Varshik rashifal 2025 in hindi: मकर राशि 2025 राशिफल: कैसा रहेगा नया साल, जानिए भविष्यफल और अचूक उपाय

वर्ष 2025 में आपका करियर, पेशा, लव लाइफ, एजुकेशन, परिवार और सेहत का भविष्यफल वेबदुनिया पर जानिए विस्तार से। वर्ष 2025 की शुरुआत में बृहस्पति पांचवें भाव में होगा और 14 मई को यह छठे भाव में गोचर करेगा। मई माह तक शिक्षा, संतान, लव लाइफ और नौकरी के हालात अच्छे रहेंगे। इसके बाद सेहत और कारोबार पर ध्यान देना होगा। विरोधी सक्रिय होंगे। मार्च में शनि तीसरे और मई में राहु दूसरे भाव में गोचर करेगा तब गृहस्थ जीवन अच्छा रहेगा। आपका लकी वार शनिवार है। लकी कलर काला और नीला है। इसी के साथ ॐ शं शनैश्चराय नम: मंत्र का जाप आपके लिए शुभ रहेगा। अब जानते हैं वार्षिक राशिफल विस्तार से।

वर्ष 2025 मकर राशि वालों का करियर और पेशा| Capricorn job and business horoscope Prediction for 2025

पंचम का बृहस्पति 14 मई तक नौकरी में खूब उन्नति देगा। इसके बाद गुरु के परिवर्तन से नौकरी में सकारात्मक बदलाव हो सकता है। हालांकि मई के बाद कड़ी मेहनत करने की सलाह दी जाती है। यदि कारोबारी हैं तो सावधान रहें क्योंकि मार्च तक बृहस्पति व्यापार में खूब साथ देगा लेकिन मार्च में शनि के परिवर्तन से कारोबार में संघर्ष का सामना करना पड़ सकता है। राहु के कारण भी रुकावट आ सकती है। बेहतर होगा कि आप शनि के उपाय करें और सभी तरह के नशे और झूठ बोलने से दूर रहें।

वर्ष 2025 मकर राशि वालों का एजुकेशन | Capricorn School and College Education horoscope prediction 2025

वर्ष 2025 में गुरु के पंचम भाव में गोचर से स्कूली और कॉलेज में पढ़ रहे बच्चों को लाभ होगा। कॉम्पिटिशन एग्जाम दे

रहे स्टूडेंट्स को भी 14 के पहले तक अपनी पढ़ाई पर ही फोकस करना चाहिए और कड़ी मेहनत की तो निश्चित ही पंचम के बाद छठा गुरू अच्छे परिणाम दे सकता है। कुल मिलाकर स्टूडेंट के लिए यह वर्ष बहुत ही शुभ रहने वाला है।लेकिन यह सलाह जरूर देंगे कि सफलता आपके बहुत करीब खड़ी है इसलिए रेगुलर पढ़ाई जरूर करें। शनि से बचने के लिए नीम की दातुन करें और अपने दांतों को अच्छे से साफ करके रखें।

वर्ष 2025 मकर राशि वालों की विवाह और परिवार लाइफ | Capricorn Marriage Life and Family horoscope Prediction for 2025

यदि आप अविवाहित हैं तो 14 मई के पहले विवाह के लिए अपने प्रयास तेज कर दें। इसके बाद मुश्किल रहेगी। इसके लिए मई तक आप बृहस्पति के उपाय भी करते रहें। यदि आप पहले से ही विवाहित हैं तो मई माह तक बृहस्पति और बाद में शनि और राहु का गोचर आपको सहयोग करेगा। यानी दांपत्य जीवन बहुत सुखमय रहेगा। जीवनसाथी के साथ घूमने का प्लान बना रहे हैं तो मई के पहले घूम आएं। घर परिवार में मार्च के बाद सुख और समृद्धि का माहौल रहेगा। कुल मिलाकर गृहस्थी अच्छी चलेगी।

वर्ष 2025 मकर राशि वालों की लव लाइफ | Capricorn love life horoscope Prediction for 2025

नए वर्ष 2025 में मई के मध्य तक आपकी लव लाइफ आसमान छूएगी। आप चाहें तो इस रिश्ते को विवाह में बदल सकते हैं। मई के बाद हालात बदल जाएंगे। शनि और गुरू दोनों ही आपके फेवर में नहीं रहेंगे। ऊपर से राहु गलतफहमियां पैदा कर सकता है। यदि पूरा वर्ष बेहतर बनाना चाहते हैं तो दोनों को श्री राधा कृष्ण के मंदिर में जाते रहना चाहिए। शुक्रवार का व्रत रखना चाहिए और झूठ बोलने या मिस गाइड करने से बचना चाहिए। आप चाहें तो बीच-बीच में रिश्तों से कुछ समय के लिए ब्रेक लेते रहें। कुछ खास दिन और समय पर ही मिले और मिलकर एक-दूसरे को गिफ्ट दें। मोबाइल से भी दूरी बनाकर रखें।

वर्ष 2025 मकर राशि वालों का आर्थिक पक्ष | Capricorn financial  horoscope Prediction for 2025

वर्ष की शुरुआत में पंचम भाव का बृहस्पति एकादश यानी लाभ भाव पर दृष्टि डालेगा तो आर्थिक स्थिति मजबूती आएगी। मई माह के पहले तक आप निवेश से अच्छा लाभ कमा सकते हैं और यदि निवेश करना चाहते हैं तो गोल्ड में निवेश आपके लिए लाभदायक रहेगा। इसी के साथ ही शेयर बाजार में भी हाथ आजमा सकते हैं क्योंकि राहु का गोचर मई माह तक शुभ है। इसके बाद आपको अपनी बचत पर ध्यान देने की जरूरत होगी। मई के बाद अनावश्यक खर्चों में बढ़ोतरी होगी। कुल मिलाकर साल के पहले छह माह में आप खूब कमाने का प्रयास करें और बाद में बचत पर ध्यान दें

वर्ष 2025 मकर राशि वालों की सेहत | Capricorn Health horoscope Prediction  for 2025

मई में बृहस्पति का गोचर जब छठे भाव में होगा तो यह सेहत बिगाड़ सकता है। पेट और एसिडिटी, अपच, पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याएं और वसा जनित समस्याएं या कोलेस्ट्रॉल का बढ़ना आपके लिए परेशानी का कारण बन सकता है। बेहतर होगा कि वर्ष की शुरुआत से ही आप संतुलित भोजन को अपनाकर थोड़ी बहुत एक्सरसाइज करते रहें अन्यथा आपको अपनी सेहत को ठीक करने के लिए बहुत खर्च करना पड़ सकता है। गंभीर रोग से बचने के लिए मंदिर में ठंड के दौरान गरीब को काला-सफेद दोरंगी कंबल दान करें। कुत्ते को प्रतिदिन रोटी खिलाएं।

मकर राशि के लिए वर्ष 2025 अच्छा रहे इसके लिए करें ये उपाय | Capricorn 2025 horoscope Remedies upay for 2025 in hindi

- दांतों को अच्छे से साफ रखें और शनिवार के दिन नीम की दातुन करें।
- शनिवार के दिन शनि मंदिर में जाकर शाम को छाया दान करें।
- माथे पर प्रतिदिन केसर का तिलक लगाएं।
- साधु-संतों को दान देते रहें।
- आपका लकी नंबर 4 और 8 लकी रत्न नीलम, लकी कलर काला एवं नीला, लकी वार शनिवार एवं शुक्रवार

और लकी मंत्र ऊँ शं शनैश्चराय नम: और ॐ श्री विष्णवे नमः।

As the top Jyotish in India, Pandit Acharya V Shastri ji (**Best Astrologer in Delhi NCR**) strongly recommends following these tips to bring the power of the moon in your favour again. Book your appointment or get assistance on call from the leading astrologer today for a more personalised analysis of your planets.

**India's Famous Astrologers, Tarot Readers, Numerologists on a Single Platform. Call Us Now. Call Certified Astrologers instantly on Dial199 - India's No.1 Talk to Astrologer Platform. Expert Live Astrologers. 100% Genuine Results**

**Read On Website**

# Other Blogs




**Pisces Sign - Health and Medical Astrology**




**Capricorn Sign - Health and Medical Astrology**




**Taurus sign - Health and Medical Astrology**




**Aaj Ka Panchang 04 अगस्त 2024 का पंचांग: 04 August 2024 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय, Best Muhurat**




**Varshik Rashifal Annual Horoscope 2025 in Hindi Know your Luck from Libra to Pisces Rashifal 2025,नए वर्ष में क्या होगा खास,पढ़े 2025 तुला,राशिफल**




**Aaj Ka Panchang 27 जून 2022 का पंचांग: 27 June 2022 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय**




**Aaj Ka Panchang 29 नवंबर 2025 का पंचांग: 29 November 2025 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय, Best Muhurat**




**मेष राशिफल 2021 - Mesh Rashifal 2021 in Hindi**




**Aries sign - Health and Medical Astrology**




**Scorpio Sign - Health and Medical Astrology**




**Aaj Ka Panchang 21 अप्रैल 2022 का पंचांग: 21 April 2022 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय**




**Varshik Rashifal Annual Horoscope 2025 in Hindi Know your Luck from Pisces to Pisces Rashifal 2025,नए वर्ष में क्या होगा खास,पढ़े 2025 मीन,राशिफल**